ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 31.10.2020

- आज दिनांक 31.10.2020 को सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मनाया गया, उनके चित्र एवं मूर्ति पर मार्ल्यापण कर राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता का लिया गया शपथ।
- नगर आयुक्त महोदय द्वारा वाल्मीकि जयन्ती पर मो0 कटिया टोला स्थित वाल्मीकि मंदिर में स्थापित महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर किया गया माल्यार्पण।
- नगर आयुक्त महोदय द्वारा मो0 लोधीपुर खन्नौत नदी स्थित निर्माणाधीन छठ स्थल का किया गया निरीक्षण।
- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान एवं महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के उपलक्ष्य मे मंदिरो व उनके आस–पास साफ–सफाई एवं नगर में नियमित रूप से सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

1. नगर निगम,शाहजहाँपुर के कार्यालय में आज दिनांक 31.10.2020 को सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मनाया गया। आयोजन के क्रम में सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर नगर आयुक्त महोदय,अपर नगर आयुक्त,उप नगर आयुक्त,सहायक नगर आयुक्त,महाप्रबन्धक (जल) मुख्य अभियन्ता(सिविल) एवं कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियो द्वारा मार्ल्यापण किया गया। माल्यार्पण के उपरान्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियो को राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता का शपथ दिलाया गया तथा राष्ट्रीय एकीकरण के लिये सरदार बल्लभ भाई पटेल के योगदान पर चर्चा की गई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा वर्तमान समय में देश के समक्ष उपलब्ध चुनौतियो की चर्चा करते हुये राष्ट्रीय एकता अखण्डता के प्रति प्रत्येक नागरिक के अपेक्षित योगदान पर बल दिया गया। इसके बाद नगर आयुक्त महोदय द्वारा सरदार पटेल इंटर कालेज,शाहजहाँपुर स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर मार्ल्यापण किया गया।
2. नगर आयुक्त महोदय द्वारा वाल्मीकि जयन्ती पर मो0 कटिया टोला स्थित वाल्मीकि मंदिर में स्थापित महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया तथा वहाँ उपस्थित समस्त लोगो को वाल्मीकि जयन्ती शुभकामनाये दी गई तथा आह्वान किया गया कि हम सभी को महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा दी गई शिक्षा का पालन करना चाहिये। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त,उप नगर आयुक्त, एड0 दौलतराम आदि सम्भ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

3. नगर आयुक्त महोदय द्वारा मो0 लोधीपुर खन्नौत नदी स्थित निर्माणीधीन छठ स्थल का किया गया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने मुख्य अभियन्ता,सिविल को निर्देशित किया कि दिपावली से पूर्व चबूतरे का निर्माण अनिवार्य रूप पूर्ण करा लिया जाये। निरीक्षण के समय उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान, अधिशासी अभियन्ता श्री मोद नरायण झा उपस्थित रहे।

4. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान एवं महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के उपलक्ष्य मे मंदिरो व उनके आस–पास साफ–सफाई एवं नगर में नियमित रूप से सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान एवं महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के उपलक्ष्य मे मंदिर व उनके आस–पास साफ–सफाई एवं नगर में नियमित सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई जोन–1 में दिलाजाक,सफाई जोन–2 मो0 कटिया टोला ,सफाई जोन–3 हनुमतधाम, सफाई जोन–4–मो0 बक्सरियॉ, सफाई जोन–5 मो0 सरायकाईयॉ में। इन स्थानो पर श्री पवन कुमार, श्री राजमंगल,श्री चन्द्रवीर सागर, एवं सुनील शाक्या, सफाई निरीक्षको तथा सफाई नायको के नेतृत्व में वृहद सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के दृष्टिगत नगर के विभिन्न नगर के मंदिरो पर प्रकाश व्यवस्था ठीक कराते हुये सफाई व चूने के छिड़काव के साथ–साथ कराया गया सेनेटाईशन। नगर के धार्मिक स्थलो के आस–पास नियमित रूप से सफाई कराये जाने का निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 31.10.2020 को ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने, मास्क लगाने, दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक करने के साथ–साथ साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थाना, पार्को, खाली प्लाटो एवं सड़को के किनारे पड़े पर कूड़े को प्राथमिकता के आधार पर साफ कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करने, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु अपील किया गया। सार्वजनिक स्थानो पर गंदगी करने,थकने,मास्क न पहने आदि पर जुर्माना लगाने एवं चालान करने निर्देश दिया गया है।. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रतिबन्धित पालीथीन के उपयोग को रोकने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर